माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुंवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 162/एके0/MSU/2026-27 दिनांकः 22.05.26

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के B.Sc(PHES), BPES, B.P.Ed, M.P.Ed, M.Ed, LLM, Master of Law पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 21.05.2026 को अपराह्न से समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ हो रहे हैं। जिसकी अन्तिम तिथि 21.06.2026 है।

अतः जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों B.Sc(PHES), BPES, B.P.Ed, M.P.Ed, M.Ed, LLM, Master of Law में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना ऑनलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.msuniversity.ac.in पर जाकर Admission 2026-27 पर क्लिक करके करा सकते है।

उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकरण हेतु SC/ST Category के लिए रू 500/– एवं Gen/OBC Category के लिए रू 700/– पंजीकरण शुल्क ऑनलाईन माध्यम से लिया जाएगा। उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकरण करने के लिए अभ्यर्थियों को OU TYPE Option में College सेलेक्ट करना होगा इसके उपरान्त College/Campus Option में अभ्यर्थियों को Maa Shakumbhari University (For Entrance Test & Physical Test) सेलेक्ट करने के पश्चात् अभ्यार्थि अपना पाठ्यक्रम चयन कर सकता है।

उपरोक्त के आलोक में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पंजीकरण करते समय अपनी श्रेणी (Category) का चयन अत्यंत सावधानीपूर्वक करें। पंजीकरण पूर्ण रूप से सबमिट होने के उपरांत श्रेणी में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

अतः समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि B.Sc(PHES), BPES, B.P.Ed, M.P.Ed में प्रवेश, शारीरिक परिक्षा एवं M.Ed, LLM, Master of Law में प्रवेश, प्रवेश परिक्षा के अंतर्गत किए जाएगे, अतः उक्त पाठ्यक्रनों में प्रवेश पंजीकरण कराने के उपरांत अपने दस्तावेज सम्बन्धित विश्वविद्यालय महाविद्यालयों/संस्थाओं में जमा कराने की आवश्य नहीं है।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. परीक्षा नियंत्रक।
05. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
06. समस्त सहा0 कुलसचिव।
07. सह0 समन्वयक प्रवेश।
08. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
09. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
10. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
11. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक